हिन्दुस्तान

# योगी अमेरिका, रूस में यूपी की ब्रांडिंग करेंगे

## ग्लोबल समिट

■ अजित खरे

### निवेश लाने के लिए बन रही है खास रणनीति

1. 9 रूट पर 19 देशों के 21 शहरों में होंगे रोड शो
2. नौ टीमें अलग-अलग देशों में अलग तारीखों पर जाएंगी
3. इन टीमों में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल नंदी समेत कई मंत्री, अफसर व विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे।
4. दुबई, आबुधाबी, सैन फ्रांसिस्को, टोरेंटो, रियो द जेनरो, पेरिस, लंदन, टोक्यो, सियोल, बैंकाक, मास्को, स्टाकहोम, सिंगापुर, सिडनी, जोहानसबर्ग, तेल अवीव में होंगे रोड शो
5. चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरू, कोलकाता, मुंबई में होंगे रोड शो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य में पूंजी निवेश लाने के लिए अब खुद अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों से मिलने विदेश जाएंगे। नवंबर में मुख्यमंत्री रूस, अमेरिका, थाईलैंड व मारीशस की यात्रा पर जाएंगे। वह वहां बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुखों को अगले साल फरवरी में लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने का न्योता देंगे। साथ ही बताएंगे कि तेजी से आगे बढ़ते भारत का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन गंतव्य बनता जा रहा है।

इस समिट को कामयाब बनाने के लिए योगी सरकार ने पूरा एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। विदेशों में सीएम का यह रोड शो न्यूयार्क से 10 नवंबर से शुरू होगा। 16 नवंबर को उनका बैंकाक (थाईलैंड) जाने का कार्यक्रम है।

इसके बाद 22 नवंबर को उन्हें मास्को (रूस) जाना है। आखिरी में वह पोर्ट लुइस (मारीशस) जा सकते हैं। सीएम के इस रोड शो में बाद में जरूरत के हिसाब से कुछ और देश भी जुड़ सकते हैं। सीएम के साथ मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र व मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी भी साथ होंगे। इन रोडशो का मकसद समिट में निवेशकों को आमंत्रित करना है।